--प्रेस नोट--

जनपद मुजफ्फरनगर

दिनांक 27.12.2024

- **थाना खतौली पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 27.12.2024 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री मनोज कुमार मय हमराहिगण द्वारा मु0अ0स0 505/24 धारा 109/118(1)/352/351(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त भुपेन्द्र उर्फ कल्लू पुत्र करम सिंह ग्राम टिटौडा थाना खतौली जिला मु0नगर को प्राईमरी स्कूल टिटौडा से गिरफ्तार किया

- **थाना खतौली पुलिस द्वारा 04 वर्ष पूर्व के अभियोग में वांछित व 10 हजार का ईनामी अभियुक्त गिरफ्तार -**

दिनांक 26.12.2024 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री विक्रान्त कुमार मय हमराहिगण द्वारा 04 वर्ष पूर्व के अभियोग मु0अ0सं0 708/2021 धारा 363 भादवि में वांछित व 10000 रुपये की ईनामी अपराधी गौरव उर्फ मोन्टू पुत्र सुभाष निवासी मौहल्ला पक्का बाग कस्बा व थाना खतौली जिला मुजफ्फरनगर को गंग नहर पटरी लोहे के पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना तितावी पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 27.12.2024 को थाना तितावी पर नियुक्त उ0नि0 श्री अजयपाल सिंह मय हमराहिगण द्वारा वाद संख्या 4023/9/21 धारा ¾ जुआ अधि0 में वारण्टी अभियुक्त सचिन पुत्र सत्यपाल निवासी अमीरनगर थाना तितावी मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना बुढाना पुलिस द्वारा सट्टे की खाईबाडी करते हुए 02 अभियुक्त गिरफ्तार, 5100 रुपये नगद, 05 मोबाइल फोन, 01 डायरी, 02 नोटपेट, 01 पेन बरामद -**

दिनांक 27.12.2024 को थाना बुढाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री ललित कुमार मय हमराहिगण द्वारा अभियुक्तगण 1. परवेज पुत्र सफीक निवासी बडौत रोड कस्बा व थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर 2. नाजिम पुत्र इदरीश निवासी नाला पट्टी हाजीपुर थाना कोतवाली शामली, शामली को सट्टे की खाईबाडी करते हुए अभियुक्त परवेज के मसकन से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 5100/- रूपये नगद, 05 मोबाईल फोन, 01 डायरी, 02 नोटपैड, 01 पेन बरामद किये गये। जिसके सम्बन्ध में थाना बुढाना पर मु0अ0सं0- 526/2024 धारा ¾ सार्वजनिक जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया।

- **थाना बुढाना पुलिस द्वारा वाहनों से तेल चोरी करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह के 05 अभियुक्तगण को लूट/डकैती की योजना बनाते समय किया गिरफ्तार, अवैध शस्त्र मय कारतूस, 01 कैन्टर, ड्रम, बाल्टी, पाइप बरामद -**

दिनांक 27.12.2024 को थाना बुढाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री उ0नि0 श्री संदीप कुमार मय हमराहिगण द्वारा वाहनों से तेल चोरी/डकैती करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह के 05 अभियुक्तगण 1. मेहताब पुत्र असलम निवासी जई नगला

थाना भावनपुर जिला मेरठ 2. इमरान पुत्र अय्यूब निवासी पांचली थाना सरुरपुर जिला मेरठ 3. तसलीम पुत्र सलीम निवासी ग्राम देहरा थाना धौलाना जिला हापुड 4. सराफत पुत्र सकीर निवासी ग्राम देहरा थाना धौलाना जिला हापुड। 5. शुकरयाब पुत्र जुल्फा निवासी अजीजपुर थाना झिंझाना जिला शामली को लूट/डकैती की योजना बनाते हुए जौला मार्ग पर बन्द पड़े ईंट भट्टे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 अवैध तमंचा 12 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 आयसर कैन्टर UP15 ET 4425, 02 ड्रम खाली (200 लीटर), 03 बाल्टी खाली (50 लीटर), 02 प्लास्टिक की पाईप बरामद किये गये। जिसके सम्बन्ध में थाना बुढाना पर मु0अ0सं0 525/24 धारा 310(4)/310(5)/3(5) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

- **<u>थाना फुगाना पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 27.12.2024 को थाना फुगाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री राकेश कुमार मय हमराहिगण द्वारा मु0अ0सं0-78/2023 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त राजू पुत्र अजुद्दी प्रसाद निवासी ग्राम रूहेरी थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस को ग्राम लोई बस अड्डे से गिरफ्तार किया गया।